भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 262
गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों पर बेकार पड़े विमान

***262. डॉ. टी.आर.पारिवेन्धर:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश भर के विभिन्न विमानपत्तनों पर कई विमान कई वर्षों से बेकार पड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की स्थिति के अनुसार, विमानपत्तनों पर विमानपत्तन एवं एयरलाइन-वार कुल कितने विमान बेकार पड़े हैं;

(ग) क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का इन अप्रयुक्त विमानों को विमानपत्तनों से हटाने और संबंधित एयरलाइनों से देय राशि वसूलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)</u>

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"विमानपत्तनों पर बेकार पड़े विमान" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 21.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 262 के उत्तर में सन्दर्भित विवरण।

(क) और (ख): विभिन्न विमानपत्तनों पर बेकार पड़े विमानों के संबंध में हवाईअड्डा प्रचालकों से प्राप्त आँकड़े, अनुबंध के तौर पर संलग्न है।

(ग) और (घ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) के स्वामित्व वाले एवं उनके द्वारा प्रबंधित विमानपत्तनों पर 29 विमान बेकार पड़े हुए हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एयरलाइनों के बेकार पड़े विमानों के निपटान के लिए उनसे बातचीत करता रहता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास इन विमानों के एवज में लगभग 730 करोड़ रुपये की प्रतिभूति जमा/बैंक गारंटी सुरक्षित है।

******

लोक सभा के दिनांक 21.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 262 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में सन्दर्भित अनुबंध।

अनुबंध

क्रम. स.	विमानपत्तन	एयरलाइन	विमानपत्तनों पर बेकार पड़े विमानों की संख्या	कुल
1	अहमदाबाद	गो एयर	1	1
2	बैंगलुरु	इंडिगो	17	27
		स्पाइसजेट	1	
		गो एयर	9	
3	भुवनेश्वर	एयर ओडिशा	1	1
4	चेन्नई	इंडिगो	1	20
		स्पाइसजेट	17	
		ट्रूजेट	1	
		कुनाल एयर चार्टर्स	1	
5	कोच्चि	गो एयर	1	1
6	दिल्ली	गो एयर	23	64
		एअर इंडिया	2	
		स्पाइसजेट	6	
		जेट एयरवेज	3	
		अलायंस एयर	1	
		जूम एयर	5	
		इंडिगो	24	
7	गोवा (मोपा)	गो एयर	1	1
8	हैदराबाद	इंडिगो	1	4
		स्पाइसजेट	1	
		गो एयर	2	
9	जयपुर	सुप्रीम एयरलाइन	1	3
		पिनैक्कल एयर	1	
		भूषण एयरवेज	1	
10	जूहू	कामा एविएशन	3	3
11	कोलकाता	अलायंस एयर	2	4
		ढिल्लन एविएशन	1	
		अज्ञात	1	
12	कन्नूर	गो एअर	5	5
13	मुम्बई	गो एअर	9	24
		एअर इंडिया	4	
		स्पाइसजेट	1	
		जेट एयरवेज	6	
		जनरल एविएशन	4	
14	नागपुर	अभिजीत ग्रुप/ पाथब्रेकिंग प्रोजेक्ट		5
		कन्टीनेंटल एविएशन	1	
		गो एयर	2	
		इंडिगो	1	
15	रायपुर	यूनाइटेड एयरवेज	1	1
			कुल	**164**